# प्रगति प्रतिवेदन

# 2022 – 2023

# (01.04.2022 से 31.12.2022 तक)

JAIPUR METRO

## जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि.

**प्रशासनिक भवन, भृगु पथ,**

मानसरोवर मेट्रो डिपो, जयपुर–302020

## 1.परिचय एवं संक्षिप्त टिप्पणी :

- वर्ष 2001 में जयपुर शहर की जनसंख्या 23 लाख थी, जो वर्ष 2011 में 31 लाख हो गई।
- विस्तृत ट्रेफिक सर्वे रिपोर्ट, 2010 के अनुसार पब्लिक ट्रान्सपोर्ट का जयपुर के कुल यातायात में 19 प्रतिशत ही हिस्सा है, जो कि गत वर्षों की तुलना में निरन्तर घट रहा है। राष्ट्रीय शहरी यातायात योजना (एनयूटीपी) का एक मुख्य उद्देश्य कुल यातायात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का हिस्सा बढ़ाना तथा इसको प्राथमिकता प्रदान करना है। अतः वर्ष 2031 तक जयपुर के कुल यातायात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का हिस्सा बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के लक्ष्य की प्राप्ति, ऊर्जा संचय, प्रदूषण में कमी तथा निजी वाहनों के उपयोग को हतोत्साहित किये जाने हेतु मेट्रो रेल परियोजना की क्रियान्विति आवश्यक समझी गई और अप्रेल 2010 में राज्य सरकार द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं :
  - सड़क यातायात के दबाव को कम करना।
  - यातायात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भागीदारी बढ़ाना।
  - यातायात प्रणाली में सुधार करना।
  - जयपुर शहर की विरासत, समृद्ध संस्कृति एवं स्वरूप को बनाये रखना।
  - पर्यावरण तथा ईको सिस्टम में सुधार लाना।
  - शहर की भावी यातायात मांग को पूर्ण करना।
  - निजी वाहनों पर अपव्यय को रोकना।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से तैयार करवाई गई। जिसके अनुसार परियोजना को दो चरणों में क्रियान्वित किया जाना है। प्रथम चरण की लागत लगभग 3149 करोड़ रूपये है।

JAIPUR METRO

- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं :–

| विवरण | फेज–1ए | फेज–1बी | कुल फेज–1 |
|---|---|---|---|
| कहाँ से कहाँ तक | मानसरोवर से चाँदपोल | चाँदपोल से बड़ी चौपड़ | मानसरोवर से बड़ी चौपड़ |
| एलिवेटेड रूट की लम्बाई (कि.मी.) | 9.1 | - | 9.1 |
| भूमिगत मार्ग की लम्बाई (कि.मी.) | 0.5 | 2.01 | 2.51 |
| मार्ग की कुल लम्बाई (कि.मी.) | 9.6 | 2.01 | 11.61 |
| एलिवेटेड स्टेशन | 8 | - | 8 |
| भूमिगत स्टेशन | 1 | 2 | 3 |
| कुल स्टेशन | 9 | 2 | 11 |
| कुल लागत (करोड़ रू. में) | 2023 | 1126 | 3149 |
| फाइनेंशियल इन्टरनल रेट ऑफ रिटर्न (FIRR) | - | - | 8.24% |
| व्यावसायिक परिचालन की तारीख | 3 जून, 2015 से आरम्भ | 23.09.2020 से आरम्भ | - |
| क्रियान्वयन की विधि | ई.पी.सी. | ई.पी.सी. | - |
| क्रियान्वयन एजेन्सी | दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन | जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन | - |

- केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान सरकार की सहमति के पश्चात् मेट्रो रेल्वेज (कन्सट्रक्शन ऑफ वर्क्स) एक्ट, 1978 एवं मेट्रो रेल्वेज (ऑपरेशन एण्ड मैन्टीनेन्स) एक्ट, 2002 को दिनांक 14.01.2011 से जयपुर शहर में लागू किया गया है।
- परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत फेज–1ए (मानसरोवर से चाँदपोल तक) का निर्माण कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा डिपोजिट वर्क के आधार पर फरवरी, 2011 से काम शुरू किया गया।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के फेज–1ए (मानसरोवर से चांदपोल) का निर्माण कार्य पूर्ण कर व्यवसायिक संचालन दिनांक 03 जून 2015 से प्रारम्भ किया गया। इसके तहत कुल नौ मेट्रो स्टेशन बनाये गए जिनका विवरण निम्न है:

| | एलिवेटेड स्टेशन | भूमिगत स्टेशन |
|---|---|---|
| प्रथम चरण (फेज–1ए) | 1. मानसरोवर<br>2. न्यू आतिश मार्केट<br>3. विवेक विहार<br>4. श्याम नगर<br>5. रामनगर<br>6. सिविल लाईन्स<br>7. रेलवे स्टेशन<br>8. सिन्धी कैम्प | 1. चाँदपोल |

- परियोजना के फेज–1बी के निर्माण कार्य हेतु दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) को जनरल कन्सलटेन्ट नियुक्त किया गया था। इसके तहत दो भूमिगत मेट्रो स्टेशनों यथा छोटी चौपड़ एवं बड़ी चौपड़ एवं चांदपोल से बड़ी चौपड मेट्रो स्टेशनों के बीच भूमिगत मेट्रो लाईन का निर्माण पूर्ण होकर मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त के निरीक्षणोपरांत स्वीकृति दिनांक 21.03.2020 को मिली व कोविड के लॉकडाउन के पश्चात् व्यावसायिक परिचालन माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान द्वारा दिनांक 23.09.2020 को आरंभ किया गया।

## 2. <u>जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का संगठनात्मक ढांचा</u> :

- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की क्रियान्विति हेतु राज्य सरकार के उपक्रम के रूप में जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का पंजीकरण दिनांक 1 जनवरी 2010 को कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत किया।
- कॉरपोरेशन के गठित निदेशक मण्डल में वर्तमान में 1 अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं 4 पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा राज्य सरकार द्वारा मनोनीत 9 अन्य एवं 2 स्वतंत्र निदेशक सम्मिलित हैं।
- कॉरपोरेशन में चार निदेशालयों का गठन निम्नानुसार है जो पूर्णकालिक निदेशकों के नेतृव में प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं :–

| क्र. सं. | निदेशालय | मुख्य कार्य |
|---|---|---|
| 1. | परियोजना निदेशालय | परियोजना का क्रियान्वयन |
| 2. | परिचालन एवं प्रणाली निदेशालय | मेट्रो का संचालन एवं सभी प्रणालियों का अनुरक्षण, यात्रियों की संरक्षा / सुविधा / राजस्व आदि कार्य |
| 3. | कम्पनी मामलात निदेशालय | प्रशासन, विधि, मानव संसाधन, प्रॉपर्टी डवलपमेन्ट, विज्ञापन, भूमि शाखा, सूचना प्रौद्योगिकी, जन सम्पर्क, आदि |
| 4. | वित्त निदेशालय | वित्त एवं लेखा सम्बन्धी कार्य |

## 3. जयपुर मेट्रो के प्रमुख कार्य एवं प्रगति :

### अ. परियोजना

**(i) द्वितीय चरण फेज–2 :– (सीतापुरा से अम्बाबाडी)**

जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज –2 की प्रस्तावित डीपीआर में सीतापुरा से अम्बाबाड़ी तक की लम्बाई 23.50 किलोमीटर का प्रस्ताव किया गया है एवं इसकी लागत 4602 करोड़ है। इस डीपीआर के तहत एक मुख्य उपलब्धि यह है कि लागत में कटौती के सभी संभव उपायों का उपयोग करके परियोजना लागत को पहले की परियोजना लागत 10394 करोड़ रूपये (डीपीआर 2014) से घटाकर 4602 करोड़ (डीपीआर 2020) कर दिया गया है।

**(ii) फेज–1सी (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर)**

चरण – सी के लिए डीपीआर (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर वाया रामगंज) डीएमआरसी द्वारा परियोजना लागत 993.51 करोड़ रूपये के साथ तैयार कर प्रस्तुत किया गया था। डीपीआर को जेएमआरसी बीओडी के अनुमोदन के बाद राजस्थान सरकार को भेजा गया था। माननीय मंत्री यूडीएच राजस्थान सरकार की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत वित्त विभाग ने रूपये 993.51 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। तदनुसार इस परियोजना हेतु जनरल कन्सलटेन्ट की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

**(iii) फेज –डी (मानसरोवर से अजमेर रोड तक)** चरण 1डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड़ तक) के लिए डीपीआर डीएमआरसी द्वारा परियोजना लागत रुपये 204.81 करोड़ के साथ तैयार कर प्रस्तुत किया गया था। डीपीआर को जेएमआरसी बीओडी के अनुमोदन के बाद राजस्थान सरकार को भेजा गया था। माननीय मंत्री यूडीएच, राजस्थान सरकार की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत वित्त विभाग ने रुपये 204.81 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। तदनुसार इस परियोजना हेतु जनरल कन्सलटेन्ट की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

JAIPUR METRO

**ब. जयपुर मेट्रो का संचालन** –

- जयपुर मेट्रो रेल का संचालन फेज–1ए व 1बी (कुल लम्बाई 11.61 कि.मी.) पर किया जा रहा है।
- जयपुर मेट्रो का परिचालन अब तक दुर्घटनारहित तथा यात्री गाड़ियों की समयपालनता 99.90 प्रतिशत रही है।
- जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. ने 3 जून, 2015 से 31 दिसम्बर 2022 तक 394180 मेट्रो ट्रेनों का सफल संचालन कर 528.04 लाख यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाया। इस अवधि में टिकटों से कुल रूपये 65.70 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई।
- जयपुर मेट्रो की अप्रेल 2022 से दिसम्बर 2022 तक परिचालन की स्थिति निम्न प्रकार है:–

| माह | कुल यात्री भार (संख्या) | औसत दैनिक यात्री भार (संख्या) | आय (रू.) |
|---|---|---|---|
| अप्रेल, 2022 | 754398 | 25147 | 10394955 |
| मई, 2022 | 1028413 | 33175 | 14183127 |
| जून, 2022 | 967655 | 32255 | 13395478 |
| जुलाई, 2022 | 1066812 | 34413 | 13924486 |
| अगस्त, 2022 | 1052483 | 33951 | 14479689 |
| सितम्बर, 2022 | 1088477 | 36283 | 14944691 |
| अक्टूबर, 2022 | 1184188 | 38200 | 16713374 |
| नवम्बर, 2022 | 1206245 | 40208 | 16692076 |
| दिसम्बर, 2022 | 1222875 | 39447 | 17127836 |
| कुल | 9571546 | 34806 | 131855712 |

**स: मानव संसाधन**

- परियोजना की समयबद्ध क्रियान्विति व जयपुर मेट्रो के संचालन हेतु कॉरपोरेशन में राज्य सरकार से स्वीकृत 507 पद हैं। इन स्वीकृत 507 पदों में से सीधी भर्ती के 436 पद, प्रोमोशन के 25 व केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/उपक्रमों/निगमों/बोर्डों/संस्थाओं से विशेष चयन द्वारा प्रतिनियुक्ति पर भरने के 46 पद शामिल हैं। स्वीकृत पदों एवं रिक्तियों का विवरण (31.12.2022 की स्थिति) निम्न प्रकार है:–

| क्र.सं. | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रबन्ध निदेशक | 01 | 01 | 00 |
| 2. | निदेशक | 04 | 03 | 01 |
| 3. | कार्यकारी निदेशक | 06 | 05 | 01 |
| 4. | महाप्रबन्धक | 08 | 06 | 02 |
| 5. | संयुक्त महाप्रबन्धक | 04 | 02 | 02 |
| 6. | निजी सचिव | 05 | 01 | 04 |
| 7. | उप महाप्रबन्धक | 06 | 05 | 01 |
| 8. | कम्पनी सचिव | 01 | 01 | 00 |
| 9. | विधि अधिकारी | 01 | 01 | 00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | प्रबंधक | 15 | 14 | 01 |
| 11. | ट्रेवलिग इन्स्पेक्टर | 01 | 00 | 01 |
| 12. | तहसीलदार | 01 | 00 | 01 |
| 13. | जन सम्पर्क अधिकारी | 01 | 01 | 00 |
| 14. | वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (लेखा) | 01 | 01 | 00 |
| 15. | स्टेशन अधीक्षक | 07 | 07 | 00 |
| 16. | कार्यकारी अधिकारी (लेखा) | 03 | 02 | 01 |
| 17. | कार्यकारी अधिकारी (मा.स./प्रशासन) | 01 | 00 | 01 |
| 18. | स्टेशन कन्ट्रोलर/ट्रेन आपरेटर | 82 | 70 | 12 |
| 19. | कनिष्ठ अभियंता | 105 | 87 | 18 |
| 20. | स्टेनोग्राफर | 01 | 01 | 00 |
| 21. | कनिष्ठ लेखाकार | 02 | 02 | 00 |
| 22. | कस्टमर रिलेशन्स असिस्टेन्ट | 54 | 38 | 16 |
| 23. | हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क असिस्टेन्ट | 01 | 01 | 00 |
| 24. | मेन्टेनर | 192 | 170 | 22 |
| 25. | पटवारी/ अमीन | 04 | 02 | 02 |
| 26. | अन्य | 00 | 01 | 00 |
| | **योग** | **507** | **422** | **86** |

इनके अतिरिक्त रिक्त पदो के विरूद्व 01 कर्मचारी राज्य सरकार से सीधे प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है।

- अतिरिक्त मानव संसाधनों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु केन्द्र/राज्य सरकार से सेवानिवृत अधिकारियों/कर्मचारियों व आउटसोर्सिंग प्लेसमेंट एजेन्सी की सेवाएं ली जाती हैं।

- हाल ही में सीधी भर्ती के 68 रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा (CBT) आयोजित कर परीक्षा का परिणाम निकाल दिया गया है। जिसमें से 48 पदों पर नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। Company Secretary (CS) के 01 पद, SC/TO के 08 पदों, जूनियर इंजिनियर (विद्युत) के 21 एवं Maintainer के 17 पदों पर नियुक्ति दे दी गई है। शेष 20 पदों के लिए CRA एवं Maintainer (Electricion) का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है एवं चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज जाँच एवं चिकित्सा जाँच का कार्य प्रक्रियाधीन है।

## द. <u>वित्तीय प्रगति</u> –

- जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरशन के गठन से 31 दिसम्बर, 2022 तक परियोजना के प्रथम चरण हेतु (अनुमानित लागत रू 4348 करोड़) हेतु विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त राशि का विवरण निम्न प्रकार है :

| स्त्रोत | प्राप्त राशि (रू. करोड़ में ) |
|---|---|
| राज्य सरकार से अंशपूंजी /ऋण /अनुदान | 1872.28 |
| राज्य सरकार से ADB ऋण के रूप में | 809.86 |
| जयपुर विकास प्राधिकरण से अनुदान | 119.81 |
| रीको लि0 से अंशपूंजी | 100.00 |
| राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड से अंशपूंजी | 100.00 |
| **कुल प्राप्त राशि** | **3001.95** |

- इसमें से वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान माह दिसम्बर, 2022 तक प्राप्त राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| विवरण | प्राप्त राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|
| राज्य सरकार से ऋण | 0.00 |
| राज्य सरकार से ADB ऋण के रूप में प्राप्त | 0.00 |
| **कुल प्राप्त राशि** | **0.00** |

- इसके अतिरिक्त जयपुर मेट्रो फेज –1ए के वाणिज्यिक संचालन की हानि की प्रतिपूर्ति हेतु वर्ष 2022–23 (माह दिसम्बर, 2022 तक) में राज्य सरकार की राजस्थान परिवहन आधारभूत विकास निधि से रूपये 27.00 करोड़ सहायतार्थ अनुदान मद में प्राप्त हुए है। वर्ष 2019–20 में के दौरान रू. 73.97 करोड़ तथा वर्ष 2020–21 में रूपये 75.00 करोड तथा वर्ष 2021–22 में रूपये 105.00 करोड की राशि की वाणिज्यिक संचालन की हानि की प्रतिपूर्ति /आर्थिक सहायता हेतु राज्य सरकार की राज. परिवहन आधारभूत विकास निधि से सहायतार्थ अनुदान मद में प्राप्त हुई है।
- जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा कॉरपोरेशन के गठन से माह दिसम्बर 2022 तक परियोजना के प्रथम चरण के निर्माण कार्यों पर पूंजीगत व्यय रूपये 3111.54 करोड़, परियोजना के द्वितीय चरण के विविध कार्यों पर पूंजीगत व्यय रूपये 7.23 करोड़ तथा संचालन एवं प्रशासनिक गतिविधियों पर रूपये 564.86 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल रूपये 3683.63 करोड़ का व्यय किया गया है। इसमें से वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान माह दिसम्बर, 2022 तक रूपये 4.87 करोड़ का पूंजीगत व्यय तथा संचालन एवं प्रशासनिक गतिविधियों पर रूपये 45.71 करोड़ का व्यय किया गया है। वर्ष 2022–23 में दिसम्बर, 2022 तक कुल व्यय रू. 50.58 करोड़ किया जा चुका हैं।

वर्ष 2021–22 तथा 2022–23 ( 31 दिसम्बर, 2022 तक) आय व्यय विवरण निम्न प्रकार है:–

(Rs. in Crore)

| **A.** | **Capital Receipts & Expenditures** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Receipts | 2021-22 | 2022-23(Prov) | Expenditure | 2021-22 | 2022-23(Prov.) |
| | Loans: | | | Phase 1 (A) | 0.00 | 0.00 |
| | GoR | 0.00 | 0.00 | Phase 1 (B) | 4.83 | 0.03 |
| | | | | Phase 1 (C) | 0.00 | 0.00 |
| | | | | Phase 1 (D) | 0.14 | 4.58 |
| | ADB | 10.31 | 0.00 | Phase II | 0.00 | 0.28 |
| | RTIDF | 0.00 | 0.00 | Procurement of Other fixed assets | 0.41 | 0.26 |
| | Total A | 10.31 | 0.00 | Total A | 5.38 | 5.15 |
| **B.** | **Operational Receipts & Expenditure** | | | | | |
| | Fare Box Revenue | 8.37 | 13.18 | Admin. Expenses of O&S Directorate | | |
| | Non- Fare Box Revenue | 4.87 | 5.99 | (a) Salary & Allowances | 26.90 | 21.15 |
| | | | | (b) Operational Exp. | 23.54 | 15.82 |
| | | | | (c) Office Exp. | 1.13 | 1.00 |
| | Total B | 13.24 | 19.17 | Total B | 51.57 | 37.97 |
| **C.** | **Administrative Receipts & Expenditure** | | | | | |
| | Interest and other income | 23.44 | 0.29 | Salary & allowances | 7.70 | 4.67 |
| | | | | Office Expenditure | 2.15 | 1.72 |
| | Total C | 23.44 | 0.29 | Total C | 9.85 | 6.39 |
| | Grant from RTIDF | 105.00 | 27.00 | | | |

**य: गैर किराया आय:–**

- जयपुर मेट्रो गैर किराया आय के क्षेत्र में राजस्व वृद्धि के लिए लगातार कार्यरत है। इस हेतु निम्न क्षेत्रों में अनुबन्ध किए गए है/किए जा रहे है:–
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध Retail Space की लीज
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों के अन्दर/बाहर विज्ञापन के अधिकार
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों/डिपों पर मोबाईल कवरेज का लाइसेन्स
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों की छत पर मोबाईल टॉवर के लिए जगह की लीज
  - ➢ मेट्रो ट्रेन के अन्दर/बाहर विज्ञापन के अधिकार
  - ➢ मेट्रो स्टेशन मानसरोवर, रेल्वे स्टेशन और सिन्धी कैम्प पर स्टेशन ब्राण्डिंग के अधिकार
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग के लाइसेन्स आदि

## 4. आलोच्य वर्ष में विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ –

- ➢ जयपुर मेट्रो ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए शहरवासियों के सुगम आवागमन हेतु माह – अक्टूबर–2022 में मेट्रो संचालन अंतिम दोनों छोर के प्रारंभिक स्टेशन से रात्रि 10:00 बजे तक करते हुए प्रतिदिन फेरो की संख्या 178 से बढ़ाकर 182 की गई।
- ➢ फर्स्ट/लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिये मानसरोवर मेट्रो स्टेशन और न्यू आतिश मार्केट मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों हेतु ई–रिक्शा की सुविधा उपलब्ध है।

- राज्य सरकार के निर्देशानुसार REET-2022 परीक्षा के दौरान दिनांक 22 जुलाई 2022 सें 25 जुलाई 2022 तक कुल 54374 परीक्षार्थियों को जयपुर मेट्रो में निःशुल्क यात्रा कराई गई।
- जयपुर मेट्रो में ट्रेनों का संचालन मानसरोवर से चाँदपोल तक स्वचालित ट्रेन संचालन प्रणाली (ATO) एवं चांदपोल से बडी चौपड़ तक स्वचालित ट्रेन प्रणाली (ATP) के अन्तर्गत करवाकर समय की बचत व सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाता है।
- जयपुर मेट्रो में डिजिटल इंडिया मिशन के तहत स्मार्ट कार्ड की खरीद व रिचार्ज एवं टोकन खरीदने में PAYTM - QR Code एवं POS मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।
- जयपुर मेट्रो द्वारा दिनांक 06.11.2020 से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार संख्या 2 पर स्थित जयपुर मेट्रो कलादीर्घा (Art Gallery) को आमजन हेतु खोला गया था। कलादीर्घा रविवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 09:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक खुली रहती है। जयपुर मेट्रो कलादीर्घा (Art Gallery) में वित्तीय वर्ष 2022–23 में माह दिसम्बर 2022 तक 7,603 देशी–विदेशी पर्यटकों द्वारा भ्रमण किया गया, जिससे जयपुर मेट्रो को रू. 118330 का राजस्व प्राप्त हुआ है।
- कलादीर्घा के लिये प्रवेश शुल्क की नवीनतम दरे निम्न प्रकार हैः–

| क्र.सं. | दर्शक / पर्यटक | दर |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय पर्यटक | 20 रूपये |
| 2. | भारतीय विद्यार्थी | 10 रूपये |
| 3. | विदेशी नागरिक | 100 रूपये |
| 4. | विदेशी विद्यार्थी | 50 रूपये |

..............................................................................